# 5D मोनोग्रामिंग

*यदि आप 5D मोनोग्राम बनाना सीखना चाहते हैं तो यह चरण-दर-चरण ट्यूटोरियल आपके लिए है।*




## सामग्री की सूची

एक लैपटॉप या कंप्यूटर
उषा जेनोम आर्टिस्टिक डिजिटाइज़र फुल वर्जन सॉफ्टवेयर
Sq14b हूप
हूप से 2 इंच बड़ा कपड़ा
पेपर फ्यूज़िंग
और रेशम का धागा



तो चलिए शुरू करते हैं





आर्टिस्टिक डिजिटाइज़र फुल वर्जन सॉफ्टवेयर खोलें। हम इस प्रोजेक्ट के लिए उषा जेनोम मेमोरी क्राफ्ट 550E का उपयोग कर रहे हैं। मशीन के आइकन पर क्लिक करें और ड्रॉप डाउन मेनू से दिखाए अनुसार MC550E सेलेक्ट कर लें। प्रोजेक्ट के लिए हम जिस हूप का उपयोग करेंगे वह Sq14b है। इसे भी सेलेक्ट कर लें।






ये करने के बाद, क्रिएट न्यू आइकन पर क्लिक करें। आपका डिजिटल कार्यक्षेत्र अब तैयार है। पूरा हूप देखने के लिए ज़ूम आउट करें। हूप का नाम हमेशा नीचे दर्शाया जाता है।









बाईं ओर के टूल बार से लेटरिंग आइकन सेलेक्ट करें। एक नया टेक्स्ट पॉप-अप बॉक्स दिखाई देगा। टेक्स्ट बॉक्स में आपको जो टेक्स्ट चाहिए वो टाइप करें। हम इस प्रोजेक्ट के लिए K.S का उपयोग कर रहे हैं। अब रंग बदल देते हैं। टेक्स्ट पर क्लिक करें और सबसे दाईं ओर रंग के टैब से अपनी पसंद का रंग सेलेक्ट करें। हम लाल रंग का उपयोग कर रहे हैं। फ़ॉन्ट साइज बॉक्स में मानों को बदलकर फ़ॉन्ट का साइज बढ़ाया या घटाया जा सकता है। हमने 100 सेलेक्ट किया है। जैसा कि आप देख सकते हैं कि S कढ़ाई क्षेत्र के बाहर है। हम अलग से अक्षर को सेलेक्ट कर सकते हैं और जहां हमें लिखना है वहां ले जा सकते हैं।




अब आइए प्रॉपर्टीज को देखें। हम अपने 5D मोनोग्रामिंग के लिए एक साटन फिनिश चाहते हैं। फिल टैब के अंदर साटन आइकन सेलेक्ट करें। अब इस मोनोग्राम को 5D फिनिश देते हैं।

प्रॉपर्टीज के अंदर तब तक नीचे स्क्रॉल करते रहें जब तक आपको अंडरले नहीं दिखता। इसके सामने वाले बॉक्स पर क्लिक करें, विभिन्न प्रकार के स्टिच अंडरले के लिए एक मेनू पॉप-अप होगा। हम 5D को सेलेक्ट कर रहे हैं। यह हमारे मोनोग्राम को बेहतर बनाएगा।








हम ड्रॉप डाउन मेनू से भी अपनी पसंद का फ़ॉन्ट चुनकर फ़ॉन्ट का प्रकार बदल सकते हैं। जब आप डिजाइन से संतुष्ट हो जाएं तो इसे अपने उषा जेनोम मेमोरी क्राफ्ट 550E पर ले जाएं। मशीन आइकन पर क्लिक करें। फाइल को मशीन में भेजने के लिए हम दो अलग-अलग मोड देख सकते हैं। हम केबल कनेक्शन मोड का उपयोग करेंगे। यूएसबी केबल को मशीन से कनेक्ट करें और इसके दूसरे सिरे को अपने लैपटॉप या कंप्यूटर से कनेक्ट करें। अब केबल कनेक्शन पर क्लिक करें।








एक पॉप-अप बॉक्स दिखाई देगा। बिल्ट-इन फोल्डर खोलें, उसके बाद Embf फोल्डर खोलें और कंप्यूटर और सिलाई मशीन आइकन के बीच में एरो पर क्लिक करें। बस इतना ही! आपका डिज़ाइन अब मशीन में भेज दिया गया है।








अब लैपटॉप को हटा दें और कपड़े पर काम करना शुरू करें। हम जिस कपड़े का उपयोग कर रहे हैं उसे हमने समय बचाने के लिए पहले से फ्यूज कर लिया है। कपड़े को पहले लंबाई के हिसाब से बीच मे से फोल्ड करें और क्रीज बना लें। फिर चौड़ाई के हिसाब से फोल्ड करे और क्रीज़ बना लें। हम ऐसा बीच का निशान बनाने के लिए कर रहे हैं जो हमें इसको हूप के अंदर के निशानों से मिलाने और कपड़े को हूप पर सही ढंग से जोड़ने मे मदद करेगा। अंदर के हूप को हटा दें। पेच को ढीला करें। अब कपड़े को बाहरी हूप पर रखें। अब अंदर के हूप को कपड़े के ऊपर रखें और क्रीज लाइन्स को हूप पर अंदर के निशानों के साथ एडजस्ट करें। कपड़े को बाहर खींचे ताकि सुनिश्चित हो सके की यह टाइट है। अब सब को सही जगह रखने के लिए पेच को टाइट करें। दिखाए अनुसार हूप को मशीन में लगाएं।




आइए अब मशीन के डिस्प्ले पर काम करें। स्टाइलस से फोल्डर आइकन पर क्लिक करें, उसके बाद embf फोल्डर पर क्लिक करें। जैसा कि आप देख सकते हैं कि डिज़ाइन मशीन पर पहले से ही अपडेट हो गया है। डिजाइन को सेलेक्ट करें। एक चेतावनी संदेश आएगा। ओके पर क्लिक करें।






आइए इस डिजाइन के विवरण को देखें। जैसा कि पहले बताया गया था हूप का साइज 140 x 140 मिमी है। कढ़ाई का साइज 123 by 76 मिमी है। मशीन की गति या टांके प्रति मिनट 860 हैं। हमारा मोनोग्राम केवल एक लाल रंग का उपयोग हो रहा है। पूरे डिजाइन में 379 मिनट लगेंगे। यह सबसे नीचे टांको की गिनती है। अंतिम पंक्ति उन रंगों की है जो हमारे डिजाइन के अनुसार मशीन द्वारा सुझाया गया हैं।







मशीन पर लॉक आइकन दबाकर मशीन को लॉक करें। दिखाए अनुसार मशीन में धागा लगाएं। मशीन को अनलॉक करने के लिए फिर से लॉक आइकन पर क्लिक करें। ये करने के बाद बस स्टार्ट का बटन दबाएं और मशीन को अपना काम करने दें। मेमोरी क्राफ्ट रेंज की सिलाई मशीनें कपड़े पर सटीक कढ़ाई, मोनोग्राम, पेंट और फोटो स्टिच करती है जो आपको चकित कर देगी।





क्या यह अद्भुत नहीं लग रहा? धागे की 5 परतों द्वारा बनाई गई गहराई मोनोग्राम को अधिक सुन्दर बनाती है।
उषा जेनोम मेमोरी क्राफ्ट 550E कढ़ाई को मज़ेदार और आसान बनाती है और यह घरेलू व्यवसायों और बुटीक के लिए एकदम सही है।




उषा जेनोम मेमोरी क्राफ्ट 550E कढ़ाई को मज़ेदार और आसान बनाती है और यह घरेलू व्यवसायों और बुटीक के लिए परफेक्ट है।